पांच दिनी अंतरराष्ट्रीय ओडीओपी वर्चुअल प्रदर्शनी अक्तूबर में

लखनऊ। कोविड-19 से प्रभावित एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) उद्यमियों और कारीगरों को बाजार मुहैया कराने के लिए अक्तूबर में पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ओडीओपी वर्चुअल एक्जीबिशन का आयोजन किया जाएगा। ओडीओपी उत्पादों के प्रमोशन से जुड़ी इस प्रकार की ऑनलाइन प्रदर्शनी देश में पहली बार यूपी में आयोजित होगी। इसमें 50 से अधिक देशों के खरीदारों को जोड़ा जाएगा। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने दी। वह बुधवार को कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में प्रदर्शनी की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

प्रदर्शनी में 50 से अधिक देशों के खरीदार लेंगे हिस्सा

डॉ. सहगल ने कहा कि प्रदर्शनी में खरीदार और विक्रेता के लिए बीटूबी व बीटूसी ऑनलाइन 25,000 स्टॉल उपलब्ध होंगे। इस ऑनलाइन प्लेटफार्म पर देशी-विदेशी खरीदार सीधे ओडीओपी उद्यमियों व आर्टिजंस से संपर्क कर उत्पाद खरीद सकेंगे। वहीं, आम लोगों को भी अपने मनपसंद ओडीओपी उत्पाद खरीदने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही रिटेल बायर भी ओडीओपी उत्पाद को खरीद कर व्यवसाय को आगे बढ़ा सकेंगे। प्रदर्शनी में आगरा व कानपुर के फुटवेयर, लखनऊ के चिकन वस्त्रों, कन्नौज का इत्र, गोरखपुर का टेराकोटा, मुरादाबाद के धातु शिल्प उत्पाद, वाराणसी के रेशम उत्पाद और भदोही की कालीन सहित सभी ओडीओपी उत्पादों को प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का आयोजन फिक्की और हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के सहयोग से किया जाएगा। ब्यूरो

अमर उजाला पृष्ठ-10 (10 सतिंबर, 2020)